हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 तेज रफ्तार पिकअप ने मां और दो बेटियों को मारी ...



11 नक्सलवाद के खात्मे से कईयों के पेट में दर्द





## खबर संक्षेप

### कुष्ठ रोगियों के उपचार के लिए कर्मचारी सम्मानित

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी के निर्देश में विगत नौ माह से अजीम प्रेमजी भाई फाउंडेशन के मार्गदर्शन पर प्रमुख सात जैसे कुष्ठ, टीबी, सिकलसेल, एनिमिया, खुजली, हांथीपाव, मलेरिया बिमारियों को जड़ से दूर करनेमें जुटे रहे। इसमें स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 175000 की जनसंख्या में सभी सातों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ नर्स पर्यवेक्षक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सहयोग से घर-घर घुमकर संभावित मरीजों की खोज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मरीजों जांच करवा कर सभी सातो बिमारियो की पूर्ण उपचार एव देखभाल करते हैं। ग्राम पंचायत नलपावंड में कुष्ठ रोगियों का उपचार सरपंच नीलावती कश्यप, उप सरपंच कृष्ण कुमार सेठिया, पंच सीताराम बघेल, लछिन्दर बघेल की उपस्थिति में लेप्रा सोसायटी के कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मान किया।

### धरमपुरा में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर आज

**जगदलपुर।** कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के खिलाफ शहर में कल एक बड़े जन-जागरूकता और स्वास्थ्य अभियान की शुरुआत होने जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बस्तर जिला स्वास्थ्य समिति और बालको मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 16 जून को निःशुल्क कैंसर जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण शिविर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धरमपुरा में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जहाँ नागरिकों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे परामर्श का अवसर मिलेगा।

### महिला आयोग की होगी जनसुनवाई 1 जुलाई को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित बस्तर और बीजापुर जिले से संबंधित प्राप्त के प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी सदस्य सुश्री दीपिका सोरी एवं सह प्रभारी सदस्य ओजस्वी मंडावी द्वारा 1 जुलाई को प्रातः 11 बजे से 14 प्रकरणों पर सुनवाई हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय जिला बस्तर के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने धरना प्रदर्शन



**जगदलपुर।** बस्तर जिला पत्रकार संघ ने आज सिटी ग्राउंड के सामने 2 घंटे तक धरना देकर शासन से पत्रकार सुरक्षा कानून पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की। धरना स्थल पर अध्यक्ष मनीष गुप्ता समेत पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पत्रकारों के हित के लिए इसे जरूरी बताया। धरना प्रदर्शन पश्चात रैली के रूप में सभी पत्रकार कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर आकाश छिकारा को सौंपा।

### बिना सूचना फेरी कर रहे वाहन पर कार्रवाई



**बचेली।** लौह नगरी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा चोरी, ठगी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अभियान चला रही है। सोमवार को थाना क्षेत्र में बिना मुसाफिरी दर्ज कराए एवं बिना पूर्व सूचना के पलंग, दीवान, गद्दा एवं कुर्सी बेचने के नाम पर घूम रहे एक बाहरी वाहन पर पुलिस ने कार्रवाई शेष पेज 10 पर

# पीएम मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष राष्ट्र निर्माण का स्वर्णिम काल : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष भारत के इतिहास में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम काल के रूप में दर्ज हुए हैं। इन वर्षों में जहां भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है, वहीं छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर जैसे जनजातीय क्षेत्रों में विकास की नई गाथा लिखी गई है। भाजपा कार्यालय दंतेवाड़ा में मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का जो संकल्प लिया था, वह आज धरातल पर दिखाई दे रहा है। देश के करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान, निःशुल्क राशन, शुद्ध पेयजल, गैस कनेक्शन, स्वास्थ्य सुरक्षा और बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराकर सरकार ने विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। डिजिटल क्रांति, आधुनिक बुनियादी ढांचे, आत्मनिर्भर भारत अभियान, वंदे भारत ट्रेनों, एक्सप्रेस-वे, नए हवाई अड्डों और रिकॉर्ड राजमार्ग निर्माण ने देश को नई दिशा दी है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान भी भारत ने दुनिया को नेतृत्व प्रदान शेष पेज 10 पर

## पत्रवार्ता में केंद्र सरकार की योजनाओं की वनमंत्री ने दी सिलसिलेवार जानकारी

### वंचित क्षेत्र में पहुंची विकास

बस्तर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय जो क्षेत्र विकास से वंचित माना जाता था, आज वही क्षेत्र विकास की नई पहचान बन रहा है। बस्तर में सड़कों का विस्तार, दूरस्थ क्षेत्रों तक मोबाइल नेटवर्क की पहुंच, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, जनजातीय युवाओं के लिए नए अवसर, वनोपजों को बेहतर मूल्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली योजनाएं मोदी सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं।



### वनोपज आधारित रोजगार को बढ़ावा

वनमंत्री केदार ने कहा कि बस्तर में 500 से अधिक मोबाइल टावरों की स्वीकृति, हजारों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास, जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था, वनोपज आधारित रोजगार, तेन्दूपत्ता संग्राहकों के हित में लिए गए निर्णय। अबूझमाड़ जैसे क्षेत्रों तक विकास पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार ने बस्तर को विकास की मुख्यधारा में लाने का संकल्प पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया है।

## आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मिल रही बड़ी राहत : देव

बस्तर में बदलते सामाजिक परिदृश्य व शांति की एक नई मिसाल पेश की

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में परिणय सूत्र में बंधे 17 जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभागीय मुख्यालय में स्थित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में सोमवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एक भव्य और गरिमामय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक ने दिया आशीर्वाद

इस पावन अवसर पर मंत्रोच्चार और शहनाई की गूंज के बीच 17 जोड़े सदा-सदा के लिए एक-दूसरे के साथ दाम्पत्य सूत्र में बंध गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने नवविवाहित जोड़ों के ऊपर अक्षत और पुष्प वर्षा कर उन्हें सुखी और समृद्ध दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस विवाह समारोह की सबसे अनूठी और गौरवशाली विशेषता यह रही कि इसमें मुख्यधारा में लौटकर आत्मसमर्पण करने वाले 2 विशेष जोड़े भी शामिल हुए। विवाह समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि इस योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानजनक विवाह कराना समाज का सबसे पुनीत कार्य है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि आज विवाह के बंधन में बंधे सभी 17 जोड़े एक सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपनी सहभागिता देंगे। इसके साथ ही यह योजना गरीब बेटियों के विवाह में होने वाले आर्थिक बोझ को कम कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रही है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्रही, त्रिवेणी रंधारी, पार्षदगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, नवविवाहित जोड़ों के परिजन तथा बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। इस सामूहिक विवाह ने न केवल 17 परिवारों की खुशियों को दोगुना किया, बल्कि बस्तर में बदलते सामाजिक परिदृश्य और शांति की एक नई मिसाल भी पेश की है।





### मुख्यधारा में आगे बढ़ने का लिया संकल्प

नारायणपुर जिले में आत्मसमर्पण करने वाले इन पूर्व नक्सली दंपत्तियों में पिलसाय सलाम संग सिरबत्ती तथा पतिराम संग मनाय कश्यप शामिल हैं, जिन्होंने गृहस्थ जीवन अपनाकर समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने इन जोड़ों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत ऐसे कदमों से बस्तर में शांति और खुशहाली के एक नए युग की शुरूआत हो रही है।

## ढाई साल से जिंदगी के लिए जंग लड़ते पूर्व सरपंच ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ढाई वर्ष तक जिंदगी के लिए संघर्ष करते हुए आखिरकार बीजापुर जिले के पूर्व सरपंच महेश कुमार गोटा ने उपचार के दौरान सोमवार को दम तोड़ दिया। वर्ष 2023 में नक्सलियों ने अगवा कर उसकी जमकर पिटाई की थी। तब से उसका उपचार चल रहा था लेकिन जिंदगी के लिए जंग लड़ते हुए आखिरकार उसकी सासें थम गई। नक्सली हमले में घायल पूर्व सरपंच महेश गोटा ने का बीते ढाई वर्ष से उपचार चल रहा था इससे पूर्व नक्सलियों ने उसके पिता की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी। बीजापुर में नक्सली हमले में गंभीर रूप से घायल पूर्व सरपंच महेश गोटा की मौत हो गई। पूर्व सरपंच का पिछले ढाई साल से अधिक समय से इलाज चल रहा था। मृतक बीजापुर जिले के फरसेगढ़ गांव का रहने वाला था। अगस्त 2023 में नक्सलियों ने महेश गोटा का अपहरण कर लिया था। बाद में उन्हें कूटरू-फरसेगढ़ सड़क पर गंभीर हालत में पाया गया था। नक्सलियों ने उनकी जमकर पिटाई की थी जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे और घटना के बाद से वे कोमा में थे। उनका इलाज रायपुर और दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में कराया गया लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। लगभग 2 वर्ष 9 माह तक जीवन मृत्यु से संघर्ष करते रहे और आखिरकार वे जिंदगी की जंग हार गए। महेश गोटा गांव के पूर्व सरपंच होने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे और इलाके के लोग उनका काफी सम्मान करते थे।

### पूर्व सरपंच की मौत से क्षेत्र में शोक

महेश गोटा की मौत की खबर मिलने पर इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है। परिजनों ने बताया कि लंबे समय तक चले इलाज के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। ग्रामीणों ने दिवंगत महेश गोटा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इससे पूर्व दिसम्बर 2012 में महेश गोटा के पिता चिन्नाराम गोटा की भी नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## सुकमा से बेजाकब्जा करने पहुंचे 12 आरोपी भेजे गए जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर वन मंडल के अंतर्गत माचकोट परिक्षेत्र में सुकमा जिले से आए 12 आरोपियों द्वारा माचकोट के वन भूमि को खंडित कर अतिक्रमण करने के प्रयास करने हेतु वन अपराध दर्ज कर भारतीय वन अधिनियम 1927 तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं के अधीन कार्रवाई की गई। आरोपियों को वन अपराध दर्ज कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगदलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल जगदलपुर भेजा गया। मुस्तैद वन विभाग अतिक्रमण का प्रयास विफल हुआ। यह कार्रवाई जगदलपुर व्रत के मुख्य वन संरक्षक, वन मंडल अधिकारी के मार्गदर्शन, उपवन मंडल अधिकारी योगेश रात्रे एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी माचकोट प्रकाश देहारी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। कार्यवाही में मुख्य रूप से परिक्षेत्र सहायक बनसिंह कर्मा एवं माचकोट परिक्षेत्र के परिसर रक्षों और क्षेत्रीय स्टाफ एवं वन सुरक्षा श्रमिकों का विशेष सहयोग रहा। माचकोट के परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश देहारी ने कहा कि इस प्रकरण में आरोपियों द्वारा वन भूमि को खंडित कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया है। लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम तथा भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही कार्यालय के आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। भविष्य में भी ऐसे आरोपियों के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वन सुरक्षा पर जारी रहेगी कार्रवाई

जगदलपुर के एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि विभाग वन अपराध के संबंध में जागरूकता फैला रहा है। वन अपराध कर वनों को क्षति पहुंचाने के दूरगामी परिणाम होते हैं। सभी अपराधियों को विधि अनुसार कार्यवाही कर जेल दाखिला कराया गया है। आगे भी वन सुरक्षा के लिए इस प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

### कठोर कार्रवाई की जाएगी

डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया वन सुरक्षा सभी के लिए आवश्यक है। वनों से क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ मिलता है इस प्रकार के अपराध में लिप्त कार्यों पर विरुद्ध विधि सम्मत से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### वन अपराध घटित पर दें सूचना

मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने वन सुरक्षा को लेकर कहा कि वनों की सुरक्षा के लिए विभाग सदैव तत्परता से कार्य कर रहा है। मैदानी अमले की मुस्तादी से इस प्रकार के अपराध को रोकने के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। क्षेत्रवासियों से कहा कि वन सुरक्षा के लिए आगे आकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, कहीं वन अपराध घटित हो तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें।



## दो करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ गांजा व नशीली सिरप किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विशेष अभियान के तहत बस्तर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज कुल 61 प्रकरणों में जब्त 2234 किलो 648 ग्राम गांजा तथा 6500 मिलीलीटर नशीली सिरप का सोमवार को विधिवत नष्टीकरण किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 2 लाख 97 हजार 560 रूपए आंकी गई है। नष्टीकरण की यह कार्रवाई एसपी शलभ कुमार सिन्हा की अध्यक्षता तथा सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे व डीएसपी सुमित चंद्रा की उपस्थिति में संपन्न की गई। इस दौरान जब्त गांजा को एनएमडीसी नगरनार के फर्नेस भट्ठी में जलाकर नष्ट किया गया। कार्यवाही के दौरान जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह, पर्यावरण विभाग से घनश्याम सिंह, कार्यपालक शेष पेज 10 पर

■ एनएमडीसी नगरनार फर्नेस में प्रक्रिया अनुसार किया गया नष्टीकरण

## हमारा रक्त देश की रक्षा के साथ नागरिकों की जीवन रक्षा में भी काम आ रहा: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीआरपीएफ मुख्यालय तोंगपाल में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जवानों द्वारा जरुरतमदों के लिए बढ़ चढ़कर रक्तदान किया गया। आयोजन का उद्देश्य रक्तदान की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही रक्त और प्लाज्मा डोनेशन की जरूरत और उनके जान बचाने वाले असर के बारे में जागरुकता बढ़ाने के अलावा नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने जवानों को जागरूक करना और डोनर्स की नई पीढ़ी को प्रेरित करना भी था। रक्तदान कर आपातकालीन परिस्थिति में फसे किसी भी व्यक्ति या मरीज की बहुमूल्य जान को समय पर बचाया जा सके। रक्तदान शिविर का उद्घाटन 227 बटालियन के टूआईसी संजीव सिंह द्वारा किया गया। इस शिविर में 227 बटालियन के जवानों अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। बटालियन के 21 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान महादान के संदेश को आत्मसात करते हुए जवानों ने इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। जो आपातकालीन स्थितियों में जरूरतमंद रोगियों के जीवन को बचाने में सहायक होगा। द्वितीय कमान अधिकारी संजीव सिंह ने इस अवसर पर शेष पेज 10 पर

■ सीआरपीएफ मुख्यालय तोंगपाल में जवानों ने जरुरतमंदों के लिए किया रक्तदान




### रक्तदान की परम्परा हरदम निभाएंगे : सिंह

टूआईसी संजीव सिंह ने रक्तदान करने वाले सभी जवानों की सराहना की। सभी कार्मिकों को एकजुटता, इंसानियत और सामूहिक जिम्मेदारी के मूल्यों को बढ़ावा देने तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ विशाल मलहोत्रा, उप कमाण्डेंट शशि कान्त राय, सहायक कमाण्डेंट कमलेश कुमार साहू जिला अस्पताल सुकमा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. बरसे भीमा राम तथा उनकी टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि रक्तदान महादान की यह परम्परा लगातार हमारी बटालियन द्वारा निभाई जाएगी और भविष्य में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा आपात स्थिति में रक्त की आपूर्ति के लिए यह बटालियन हमेशा तत्पर रहेगा।

## कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में बंद, प्रशासन बरत रहा सतर्कता

# वायुसेना के विशेष विमान से लाए गए नीट यूजी के प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

देशभर में 21 जून को आयोजित होने वाली नीट यूजी 2026 री-एग्जाम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस बीच शहर में सोमवार को वायु सेना के विशेष विमान से प्रश्नपत्रों को लाया गया, प्रश्नपत्रों को सीलबंद पेटियों में कड़ी सुरक्षा के बीच विमान से उतारा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रश्नपत्रों की बंद पेटी को विमान से उतारने के बाद सीधे स्ट्रॉन्ग रूम तक रवाना किया गया। हर चरण में गोपनीयता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया ताकि किसी भी प्रकार की चूक की संभावना न रहे। पिछले वर्षों में दो बार सामने आए पेपर लीक मामलों के बाद इस बार प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है।

■ 21 जून को होग नीट यूजी 2026 री- एग्जाम



### एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं विद्यार्थी

एनटीए ने नीट यूजी 2026 री-एग्जाम के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं, 21 जून को सुबह परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपने लॉगिन विवरण जैसे आवेदन संख्या और पासवर्ड का उपयोग कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। स्टूडेंट्स को कहा गया कि एडमिट कार्ड डाउनलोड करने से पहले रिफंड के लिए अपने बैंक खाते के विवरण को भी सत्यापित कर लें।

## खबर संक्षेप



### पेट्रोल- डीजल की किल्लत लग रही पंपों में लंबी कतार

**केशकाल।** क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत हो रही है। कच्चे तेल की आपूर्ति में वैश्विक अनिश्चितता के कारण नगर के कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी से आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। नगर के कई पम्पों पर पेट्रोल खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक पहुंचे। पेट्रोल मिलने की उम्मीद में वाहनों की लंबी कतारें सड़क तक लग गईं, लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद ईंधन उपलब्ध न होने पर उन्हें निराश लौटना पड़ा। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, केशकाल में पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति अनियमित बनी हुई है। कई पंपों पर सीमित मात्रा में ईंधन उपलब्ध होने से उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि इसका असर आवश्यक सेवाओं, व्यापारिक गतिविधियों और रोजमर्रा की आवाजाही पर पड़ रहा है।

### पटवारी की नौकरी दिलाने के नाम पर 6.50 लाख की ठगी



**कोण्डागांव।** पुलिस ने पटवारी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख 50 हजार रुपये की कथित ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम गिरोला निवासी एक युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2017 में पटवारी भर्ती के दौरान ग्राम बफना निवासी रितेश पटेल ने नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाकर उससे 6.50 लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो नौकरी दिलाई और न ही रकम लौटाई। शिकायत के बाद थाना कोंडागांव में मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी ठगी, बलवा और अन्य मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला लगाया जाएगा 19 जून को

**कोण्डागांव।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 19 जून 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला 19 जून को कलेक्टोरेट परिसर कोण्डागांव में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ ले सकेंगे। रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में कुल 24 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड स्टाफ, सेल्स गर्ल्स, सेल्स बॉय एवं हेल्पर के पद शामिल हैं। मेले में दंतेश्वरी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं सुमित बाजार कोण्डागांव के प्रतिनिधि भाग लेकर अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। चयनित उम्मीदवारों को कोण्डागांव में ही रोजगार का अवसर मिलेगा।

# लोकगायक उदयलाल सम्मानित, पंथी लोकगीत के क्षेत्र में योगदान को मिली राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- टाटामारी में आयोजित भव्य समारोह में लोक संस्कृति के साधकों का सम्मान

अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त भरथरी गायिका स्वर्गीय सुरूज बाई खांडे की जयंती के अवसर पर केशकाल के टाटामारी में आयोजित सुरूज सम्मान 2026 समारोह में लोक प्रतिभाओं और सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोकगीत पंथी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उदय लाल मार्कंडेय को प्रतिष्ठित सुरूज सम्मान से अलंकृत किया गया। सुरूज ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस समारोह का उद्देश्य समाज, कला, संस्कृति और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को पहचान देना और उन्हें सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मान प्रदान कर उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन किया गया। इस वर्ष ट्रस्ट ने एक नई पहल करते हुए सुरूज सृजन सम्मान की शुरुआत की। इस सम्मान का प्रथम अलंकरण प्रख्यात साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही को लोक साहित्य और सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में उनके आजीवन योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में इंग्लैंड से आईं पर्यटन संचालक एवं समाजसेविका सुश्री सोफ़ी हार्टमैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमती कविता वासनिक और मनोज पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुद्र नारायण पाणिग्रही ने की।

### सुरूज सम्मान 2026 में देश–विदेश के अतिथियों की रही उपस्थिति



#### लोक प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास

आयोजकों ने कहा कि सुरूज ट्रस्ट का उद्देश्य उन अनमोल प्रतिभाओं को सम्मानित करना है, जो अपनी साधना, मेहनत और समर्पण से लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को समृद्ध बना रही है। समारोह में उदय लाल मार्कंडेय को मिला सम्मान क्षेत्र के लोक कलाकारों के लिए भी प्रेरणास्रोत माना जा रहा है।

## सड़क के किनारे खड़े थे, हादसे में दो लोग हुए घायल

# तेज रफ्तार पिकअप ने मां और दो बेटियों को मारी टक्कर, 7 माह के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



थाना क्षेत्र के ग्राम रांधना अमोड़ीपारा में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 7 माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और बड़ी बहन घायल हो गईं। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, रांधना अमोड़ीपारा निवासी धनेश्वरी प्रधान अपनी 7 माह की बेटी कुंजन प्रधान को गोद में लेकर तथा 6 वर्षीय बड़ी बेटी ऐश्वर्या प्रधान के साथ सड़क किनारे खड़ी थीं। इसी दौरान फरसगांव से रांधना की ओर जा रही पिकअप वाहन क्रमांक CG 24 एन 5116 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए गलत दिशा में जाकर तीनों को टक्कर मार दी। हादसे में 7 माह की मासूम कुंजन प्रधान की मौके पर ही गंभीर चोट लगने से मौत हो गई, जबकि उसकी मां धनेश्वरी प्रधान और बड़ी बहन ऐश्वर्या प्रधान घायल हो गईं। परिजनों द्वारा घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कुंजन को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद मासूम के शव को परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन और उसके चालक को कब्जे में लेकर हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल

**फरसगांव ।** नेशनल हाईवे-30 पर मस्सूकोकोडा के पास सोमवार शाम करीब 4:30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही 112 पुलिस सहायता वाहन मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव पहुंचाया गया। घायल ने अपना नाम मंगतू कुंजाम, निवासी ग्राम इंगझार, जिला कांकेर बताया है। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर करने की तैयारी की गई। फिलहाल, टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



### केशकाल घाट के 8 वें मोड़ पर आक्सीजन टेंकर पलटा



**केशकाल।** बस्तर के प्रवेश द्वार केशकाल घाटी में इन दोनों दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी हो जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। सोमवार की सुबह लगभग 8.30 बजे केशकाल घाट के आठवें मोड़ पर जगदलपुर से ओडिशा जा रहा आक्सीजन टैंकर ब्रेक फेल होने से पलट गया। यह घटना बड़ी हो सकती थी। ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ी घटना टल गई ड्राइवर ने टैंकर की नलकी से ऑक्सीजन का रिसाव कर दिया। रिसाव ना करने से एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। मौके पर केशकाल पुलिस पहुंच गई थी, जिससे स्थिति नियंत्रण में हो चुकी है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर आईटीबीपी के जवानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 41वीं वाहिनी भारत–तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी के जवानों ने जिला चिकित्सालय कोंडागांव में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर जवानों ने जरुरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान कर मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक संदेश दि उपमहानिरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर एवं 41वीं वाहिनी के कमांडेंट के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग करना था। शिविर के दौरान आईटीबीपी के जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। उनके इस सराहनीय योगदान की जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रशंसा की और प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### 'रक्तदान महादान' का दिया संदेश

आईटीबीपी अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि समाज में मानव सेवा और परोपकार की भावना को मजबूत बनाने के लिए ऐसे अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। 41वीं वाहिनी आईटीबीपी ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी वह रक्तदान सहित विभिन्न जनहितकारी और सामाजिक सेवा कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाती रहेगी तथा अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

# गंगरेल में राष्ट्रीय साइकिल रेस का रोमांच खिलाड़ियों ने दिखाई रफ्तार और दमखम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

गंगरेल बांध रविवार को राष्ट्रीय स्तर की साइकिल रेस प्रतियोगिता का गवाह बना, जहां अलग-अलग राज्यों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अपनी गति, संतुलन और फिटनेस का शानदार प्रदर्शन किया। जय माँ कामाख्या जनकल्याण सेवा समिति धमतरी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, हरियाणा, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। गंगरेल से शुरू हुई यह रोमांचक रेस कोटाभर्री, मुड़पार, बरारी और रुद्री होते हुए पुनः गंगरेल पहुंचकर समाप्त हुई। बड़े प्रतिभागियों के लिए 12 किलोमीटर और बच्चों के लिए 2 किलोमीटर की दूरी निर्धारित की गई थी।

### विजेता हुए सम्मानित




प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, हेमलता शर्मा, उदयभान सिंह चौहान और जागेंद्र साहू सहित कई अतिथि मौजूद रहे। विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के संचालन में राकेश साहू, चंद्रशेखर बांदे, पीतांबर सिंह और संजय पवार की अहम भूमिका रही।

### बच्चों और महिला प्रतिभागियों ने भी दिखाया अपना दम

महिला वर्ग में भी मुकाबला काफी रोचक रहा। गियर साइकिल श्रेणी में महाराष्ट्र की जीनत ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि हरियाणा की हरविंदर दूसरे स्थान पर रहीं। नॉन गियर वर्ग में रायपुर की गोमती साहू विजेता बनीं। बालोद की किरण साहू दूसरे और धमतरी की नम्रता नेताम तीसरे स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में भी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 10 से 15 वर्ष श्रेणी में वेदप्रकाश, डिगेश नेताम, वासु साहू, हेमंत साहू, तनिष्का खंडेलवाल और वनिका कावड़े विजेता रहे। वहीं 5 से 10 वर्ष वर्ग में सोनम नेताम, गणिका तारक, खिलेंद्र सिन्हा, युवराज, लक्ष्य, रोहन विश्वकर्मा और काव्यांश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबका ध्यान आकर्षित किया।

**महाराष्ट्र और हरियाणा के खिलाड़ियों ने मारी बाजी :** पुरुष गियर साइकिल वर्ग में महाराष्ट्र के सिद्धेश पाटिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र के रेहान शेख रहे, जबकि हरियाणा के आयुष तीसरे स्थान पर रहे। गोपाल और नवीन राठी ने भी हरियाणा के लिए बेहतर प्रदर्शन किया। रायगढ़ के अतुल प्रधान ने छठा स्थान प्राप्त किया। नॉन गियर वर्ग में राजनांदगांव के नंदकिशोर विजेता बने। रायपुर के साजन कुर्रे दूसरे और बालोद के राजेश सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

# मर्दापाल में राजमिस्त्री प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एसबीआई आरसेटी कोंडागांव द्वारा ग्राम पंचायत मर्दापाल में "मेसनरी एंड कंक्रीट वर्क" राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। 13 जून से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन किया गया है। सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य, ईंट चिनाई, कंक्रीट कार्य, गुणवत्ता युक्त निर्माण, सुरक्षा मानकों तथा आधुनिक निर्माण तकनीकों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे प्रतिभागी कुशल राजमिस्त्री बन सकें। जिला प्रशासन की इस पहल से प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत स्वी—त आवासों के निर्माण कार्योंर् को गति मिलेगी। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित राजमित्रियों की उपलब्धता से आवास निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों में सुधार होगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रतिभागी निर्माण क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। जिला प्रशासन का मानना है कि ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराते हैं, बल्कि जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## पेज 9 के शेष

### पीएम मोदी के नेतृतव ....

करते हुए करोड़ों लोगों की जान बचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सबसे अधिक लाभ छत्तीसगढ़ के गरीब, किसान, महिला और जनजातीय परिवारों को मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, वनधन विकास केंद्र, एकलव्य विद्यालय और जनजातीय विकास से जुड़ी अनेक योजनाओं ने लाखों परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, अजजा मोर्चा प्रदेश मंत्री रामू नेताम सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

प्रतिभाओं को मिला अवसर : वनमंत्री ने कहा कि आज बस्तर पंडुम, बस्तर ओलंपिक और जनजातीय खेलों जैसे आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिला रहे हैं। वहीं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में हुए व्यापक विकास ने लोगों के मन में विश्वास का वातावरण निर्मित किया है।

### दो करोड़ से अधिक ....

दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार लखिराम पांडे, थाना प्रभारी नगरनार संतोष सिंह तथा प्रभारी नारकोटिक्स सेल श्रीनिवास सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नष्टीकरण कार्रवाई के दौरान नशीली सिरप को बोतलों से निकालकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गड्ढा खोदकर उसमें डालकर नष्ट किया गया। वहीं खाली प्लास्टिक बोतलों को पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के लिए प्लास्टिक फैक्ट्री को भेजा गया। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि बस्तर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी है तथा समाज को नशामुक्त बनाने प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

### हमारा रक्त देश की ....

अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते सड़क दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी के कारण रक्त की मांग में लगातार बढोत्तरी हुई है। देश की विशाल जनसंख्या को स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षित रक्त और मजबूत हेल्थ सिस्टम तक सबको बराबर पहुंच उपलब्ध कराना आसान नहीं है। उन्होने कहा कि रक्त को कृत्रिम रूप से तैयार नहीं किया जा सकता इसलिए रक्त की मांग को पूर्ण करना तथा जरूरतमंदों तक रक्त की पहुंच उपलब्ध कराने रक्तदान ही एक रास्ता है। केन्द्रीय सशस्त्र बल के सदस्य होने के नाते हमारे लिए यह बहुत गर्व का विषय है हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि हमारा खून न सिर्फ देश की रक्षा के काम आ रहा है बल्कि अपने देश वासियों के जीवन की रक्षा के काम भी आ रहा है।

### बिना सूचना फेरी कर ....

करते हुए 48 सौ रुपए का चालान काटा। जानकारी के अनुसार एमपी पासिंग पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 13 जीए 9671 के चालक शोभाराम चौहान 31 वर्ष निवासी उज्जैन मध्यप्रदेश वर्तमान पता शांति नगर जगदलपुर, बिना सूचना दिए बचेली क्षेत्र में फेरी कर सामान बेचते पाया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ एवं दस्तावेजों की जांच के बाद कार्रवाई करते हुए 4800 रुपए का चालान किया। तथा जिले की सीमा से बाहर जाने की हिदायत दी । थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस बाहरी व्यक्तियों, फेरी वालों, किरायेदारों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है। पुलिस टीम में एसआई निर्मलकर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने नगरवासियों एवं ग्रामीणों से अपील में कहा कि किसी भी बाहरी फेरी वाले, संदिग्ध व्यक्ति अथवा अनजान गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दें। साथ ही मकान मालिक अपने किरायेदारों की पूरी जानकारी थाना में उपलब्ध कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या अपराध की संभावना को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने कहा कि जनसहयोग और पुलिस की सतर्कता से ही क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण कायम रखा जा सकता है।

## सफलता की कहानीः आधुनिक खेती अपनाकर बढ़ाई आय

# स्वीट कॉर्न और नैनो उर्वरक से बदली किसान रामचंद्र की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम मारंगपुरी निवासी किसान रामचंद्र साहू ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदल दिया है। स्वीट कॉर्न की खेती और नैनो उर्वरकों के उपयोग से उन्होंने आर्थिक समृद्धि की नई मिसाल पेश की है। रामचंद्र साहू पिछले तीन वर्षोंर् से स्वीट कॉर्न का उत्पादन कर रहे हैं। इस वर्ष उन्होंने लगभग ढाई एकड़ भूमि में अशोका किस्म के स्वीट कॉर्न की खेती की है, जिससे उन्हें बेहतर उत्पादन और अच्छी आय प्राप्त हो रही है। सामान्य मक्का की तुलना में स्वीट कॉर्न की बाजार में अधिक मांग है।



### नैनो उर्वरक से बढ़ी उत्पादन क्षमता

*रामचंद्र साहू फसल की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ाने के लिए नैनो यूरिया का उपयोग कर रहे हैं। उनके अनुसार इससे पौधों की वृद्धि बेहतर हुई है और उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली है। कृषि विभाग की योजनाओं के तहत उन्हें शैलो ट्यूबवेल और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का लाभ मिला है। इससे कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई संभव हुई है और खेती की लागत में भी कमी आई है।*

तैयार भुट्टों की बिक्री लगभग 7 रुपये प्रति नग की दर से होती है, जिससे एक सीजन में करीब दो लाख रुपये तक की आय प्राप्त हो रही है।

### आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे किसान

कोण्डागांव जिले के किसान अब पारंपरिक खेती के साथ–साथ स्वीट कॉर्न, सब्जी उत्पादन और अन्य नगदी फसलों की खेती की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं। उन्नत बीज, नैनो उर्वरक और आधुनिक सिंचाई तकनीकों के उपयोग से खेती अधिक लाभकारी और टिकाऊ बन रही है। रामचंद्र साहू की सफलता यह साबित करती है कि आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

# नक्सलवाद के खात्मे से कईयों के पेट में दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





सुकमा शहर के विवेकानंद सभागार में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के द्वारा पूछे गए सवाल जवाब कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि समझ नहीं आता कि नक्सलवाद के खात्मे से कईयों के पेट में दर्द क्यों हो रहा है। नक्सलवाद के दौरान गोली चलाने वाले भी हमारें भाई थे और मरने वाले भी हमारे भाई था। श्री कश्यप ने कहा जब विकास की बात होती है तो लोग धमकी देते है और फिर अंदर ही अंदर समझौता हो जाता है जो अब नहीं चलेगा। सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि कांग्रेस के समय बस्तर को कालापानी की सजा समझा जाता था।

डॉ. रमनसिंह के समय विकास की गंगा बही लेकिन विकास को लेकर हमने कभी भाजपा कांग्रेस नही किया। जो वादा 31 मार्च का था उसे हमारी सरकार ने समय सीमा में पूरा किया। आज हमारे ग्रामीण शुद्ध पेयजल के अभाव में मारे जा रहे हैं ऐसे में जल, जंगल, जमीन किस काम का है। बस्तर में कुछ ऐसे लोग भी है जो हिड़मा को हीरो बताते हुए रील बना रहे हैं। उन्होंने सवालों

■ **हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का संवाद**

के लवाब में बताया कि सरकार के रोडमैप में सुकमा तक रेल लाइन लाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

प्रधान संपादक के सवाल के जवाब में बस्तर राज मोर्चा के मनीष कुंजाम ने कहा कि इस सरकार में नक्सल मुक्त के अलावा कुछ नही बदला है। बस्तर राज मोर्चो कोई राजनैतिक दल नहीं है इसका मुख्य उददेश्य जल, जंगल, जमीन को लेकर आदिवासियों के हित में संघर्ष करना है। नक्लमुक्त के बारे में कुंजाम ने कहा कि जिसको श्रेय लेना है वो ले लेकिन बस्तर में तटस्थ लोगों में शंका है कि नक्सल मुक्त के बाद बस्तर का क्या होगा, क्या जंगल बचेंगे। लगातार हार पर कुंजाम ने कहा कि हमारा चुनाव बिन पैसे का होता है जबकि कांग्रेस भाजपा करोड़ों रुपए खर्च कर चुनाव जीतती है।

प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के द्वारा पूछे गए सवाल पर कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि सुकमा जिले में पोस्टिंग होना एक मोटिवेशनल के रूप में है।

नक्सल मुक्त के बाद यहां सबसे बड़ा चैलेंज बैसिक सुविधा पानी, सड़क और बिजली है, इसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। कलेक्टर ने सवालों के जवाब में बताया कि लोग जागरूक हो रहे है और सरकार की ओर से भी बहुत सारी छूट दी गई है। साथ ही स्पेशल पैकेज भी दिए गए है। अधिकारियों व कर्मचारियों के दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि अब सोच बदलने लगी है और निरंतर अंदरूनी क्षेत्रों में दौरे भी हो रहे है। पूछे गए सवाल पर कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति ठीक है। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए नये आईटीआई केन्द्र खोले जा रहे है एवं शिक्षित लोगों को शिक्षा से जोड़ने हेतु उल्लास कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है।





अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह ने प्रधान संपादक के सवालों का बेबाकी से जवाब देते हुए कहा कि पिछले कुछ महीनों से खूंखार आतंकियों को सरेंडर कराया गया और नक्सल मुक्त सुकमा होने के बाद जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है। जिले में लगभग 400 से ज्यादा गांव है जिनसे हम लगातार संपर्क स्थापित किए हुए है। सवाल के जवाब में शाह ने कहा कि अब लोगों का पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है और थाने तक आने लगे है। नक्सल मुक्त को परिभाषित करते हुए सवाल पर उन्होंने कहा कि अब थाने के कर्मचारी 2 या 3 की संख्या में अंदरूनी ग्रामों तक जाने लगे है और रात्रि रूकते भी है। उन्होंने बताया कि जनता और पुलिस के बीच के भरोसे ने ही नक्सल मुक्त होने में सहायक रहा है।

प्रधान संपादक के सवाल पर वन मंडलाधिकारी अक्षय दिनकार भौसले ने कहा कि नक्सल मुक्त होने के बाद चुनौतिया बढ़ गई है और जंगल की बात करें तो 65 फीसदी जंगल इस जिले में है। उन्होंने कहा कि अब हमारा फोकस जिले के आदिवासी ग्रामीणों के आजिविका पर है। जिले में अब नक्सल मुक्त होने के बाद तस्करी रोकने की काफी कोशिशें हो रही है। पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों का रहा है और आगे भी इन्ही के सहयोग से जंगलों की कटाई रोकी जाएगी। भौसले ने कहा वर्तमान में ईको टूरिज्म पर फोकस कर रहे है। जंगल होने के बाद भी वन्य जीवों को न दिखना गंभीर विषय है इस मंच से आम नागरिकों से इस हेतु सहयोग की अपील करते है। प्रधान संपादक के सवाल पर महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका शोरी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वास नहीं हो रहा है कि वो सुकमा में है। 31 मार्च नक्सल मुक्त की घोषणा पहले विश्वसनीय लगती थी लेकिन आज वो क्षण एतिहासिक हो गया।

भाजपा सरकार के इस नक्सल मुक्त के बाद गोगुंडा जैसे क्षेत्र में विकास हो रहा है और आने वाले ढाई वर्षो में और विकास होगा। पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कवासी लखमा मंत्री रहते एक भी उद्योग नहीं लगा पाए। विधानसभा में लगातार हमारी हार की समीक्षा कर रहे हैं कही ना कही से हमारी चूक इसके लिए जिम्मेदार है। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवाल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि पूर्व के पांच साल बेहतर थे। इन ढाई वर्षो में सरकार पूरी तरह से विफल रही है। तेंदूपत्ता का नगदीकरण होना था जो नहीं हुआ। नक्सलवाद खत्म हुआ या नहीं ये तो आगे पता चलेगा। विधायक कवासी लखमा मलकानगिरी में रह कर लगातार क्षेत्र की सेवा कर रहे है। कवासी ने कहा कि इस सरकार में ज्यादा बोलने में ईडी का डर बताया जाता है।

कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री दुर्गेश राय ने सवालों के जवाब में कहा कि जिस तरह से डीजल-पेट्रोल की किल्लत छत्तीसगढ़ में है ऐसे में किसान भुगत जाएंगे। अगर ग्रामीण खेती किसानी नही करेंगे तो फिर से गलत दिशा में चले जाएंगे। जिले में स्वास्थ्य सुविधा शून्य है।

भाजपा नेता सोयम मुका ने कहा कि वर्तमान सरकार क्षेत्र में समग्र विकास की ओर अग्रसर है। कांग्रेस के द्वारा 3200 करोड़ का शराब घोटाला मट्ठा डालने जैसा है। भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास जैसी सुविधा दी जो कि कांग्रेस सरकार ने रोक रखी थी। आज विष्णुदेव सरकार में जगरगुण्डा में एजुकेशन हब बन रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम ने कहा कि हाल ही में तीन ग्राम पंचायत हमने जीती है जो कि अच्छे संकेत है। अब तक कांग्रेस फर्जी मतदान से चुनाव जीतते आ रही थी। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद कांग्रेस की देन थी जो भाजपा ने नक्सल मुक्त कर दिया। आज नये नये स्कूल भवन, सड़क बन रहे है। पूर्व में तो सांसद मंत्री को जानते तक नहीं थे अब सभी अंदरूनी ग्रामों में लोग जानने लग गये है।

## नहीं दिखाओ रेल का सपना सड़क ही सुधार दीजिए

जिला संवाद कार्यक्रम में सुकमा नगर के प्रमुख व्यवसायी करण सिंह देव, सुरेन्द्र चांडक, अनिश बोथरा व अधिवक्ता कैलाश जैन ने तीखे सवालों को बेबाकी से जवाब दिया।

पेट्रोल पंप संचालक करण देव ने कहा इस सरकार में कार्य अच्छा तो हुआ है लेकिन असल विकास होना शेष है। आज अंदरूनी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को अभाव है। सड़क की स्थिति जर्जर है। आवागमन होगा तो विकास होगा और ये सरकार की जिम्मेदारी।

अधिवक्ता कैलाश जैन ने कहा कि अभी बहुत कुछ होना बाकी है। सुकमा सहित छत्तीसगढ़ में अधिकारी बेलगाम हो गये है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। मुख्यमंत्री की घोषणा का पालन तक नही होता है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कहना गलत होगा। जर्जर सड़क को ही बना दीजिए यही हमारे लिए रेल मार्ग जैसी है।

सुकमा के राईस मिल संचालक सुरेन्द्र चांडक ने कहा कि जिले में सड़क, मेडिकल व मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जगदलपुर से तोंगपाल की सड़क किसी से छिपी नही है। आज किसी अस्वस्थ व्यक्ति को ईलाज कराने ले जाना हो तो 300 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है।

हार्डवेयर व्यवसायी अनिश बोथरा ने कहा कि व्यापारी कितना भी सही कार्य कर ले लेकिन अधिकारियों की नजरें हमेशा टेड़ी ही रहती है। सुकमा जिले में उद्योग लगना चाहिए ताकि शिक्षित बेराजगारों को रोजगार मिल सके। उन्होंने भी जर्जर सड़क मार्ग को व्यापार में बाधक बताया।

# साप्ताहिक बाजार में खुले में मिला एक्सपायरी शासकीय दवाओं का ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम के साप्ताहिक बाजार से सामने आई तस्वीरों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बाजार परिसर के बीचों-बीच हजारों की संख्या में कथित रूप से एक्सपायरी शासकीय दवाइयों का ढेर खुले में पड़ा मिला है। सार्वजनिक स्थान पर इस तरह दवाओं का फेंका जाना जन-स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। टेबलेट, कैप्सूल और सिरप की शीशियां बाजार के खुले मैदान में बिखरी पड़ी हैं। इनमें से अधिकांश पर शासकीय आपूर्ति के लेबल लगे हैं।




आशंका जताई जा रही है कि ये सभी दवाएं अपनी एक्सपायरी डेट पार कर चुकी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार एक्सपायरी दवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता खत्म हो जाती है। अनजाने में सेवन करने पर ये गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग के नियमानुसार एक्सपायरी या अनुपयोगी दवाओं के निस्तारण की वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रक्रिया निर्धारित है। ऐसी दवाओं को बायो-मेडिकल वेस्ट नियमों के तहत आम लोगों की पहुंच से दूर नष्ट किया जाना चाहिए। दवाओं को जलाने, गहरे गड्ढे में दबाने या अधिकृत एजेंसी के माध्यम से नष्ट करने का प्रावधान है। इसके बावजूद बाजार जैसी भीड़भाड़ वाली जगह पर दवाओं का ढेर मिलना विभागीय लापरवाही की ओर इशारा करता है। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि बाजार में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से लोग आते हैं। कई ग्रामीण कम पढ़े-लिखे हैं। खुले में पड़ी दवाइयों को उपयोगी समझकर वे अपने साथ ले जा सकते हैं। सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को है। खेल-खेल में अगर किसी बच्चे ने इन दवाओं का सेवन कर लिया तो स्थिति भयावह हो सकती है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में शासकीय दवाएं साप्ताहिक बाजार स्थल तक पहुंची कैसे। क्या यह किसी कर्मचारी की लापरवाही है या जानबूझकर दवाओं को यहां फेंका गया। फिलहाल इसका जवाब किसी के पास नहीं है। इस घटना ने दवा भंडारण और निस्तारण की पूरी व्यवस्था पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम ने कहा कि विभाग के पुराने जर्जर भवन में कुछ एक्सपायरी दवाइयां रखी गई थीं। नियमानुसार उन्हें समुचित तरीके से नष्ट किया जाना था। इसी दौरान पुराने भवन को गिराने का ठेका दिया गया। ठेकेदार ने भवन गिराते समय मलबे के साथ ही दवाइयों को भी बाजार स्थल पर फेंक दिया। बीएमओ ने माना कि यह गंभीर चूक है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही तत्काल टीम भेजकर बाजार से दवाओं को हटवाकर सुरक्षित निस्तारण कराया जा रहा है।

# जैविक खेती से समृद्ध होगा जिला, किसानों की आय के साथ पर्यावरण संरक्षण में निभाएगी भूमिका : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में जैविक कृषि को बढ़ावा देने तथा किसानों को उन्नत जैविक तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय जैविक कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में कृषकों, ग्रामीण युवाओं, महिला स्व-सहायता समूहों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की।

जैविक कार्यशाला को संबोधित

■ **जैविक कृषि से बढ़ेगी आय, दंतेवाड़ा बनेगा मॉडल जिला : अटामी**

करते वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि दंतेवाड़ा जिला जैविक कृषि की अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। यहां की जलवायु, प्राकृतिक संसाधन और किसानों की मेहनत जैविक खेती के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। जैविक खेती केवल कृषि उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के कारण देश में धान उत्पादन के क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। किसानों की अथक मेहनत से प्रदेश लगातार कृषि क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों से चर्चा के दौरान खेती-किसानी से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं, जो कृषि विकास की दिशा में उपयोगी साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा देकर किसानों और सैनिकों के योगदान को सम्मान दिया था। इसके बाद विज्ञान और तकनीक के महत्व को देखते हुए जय विज्ञान का नारा भी जोड़ा गया। आज आवश्यकता इस बात की है कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और पारंपरिक ज्ञान का समन्वय कर टिकाऊ एवं लाभकारी खेती को बढ़ावा दिया जाए।

कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा दे रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और कृषि विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के उन किसानों को विशेष रूप से बधाई और सम्मान दिया जो रासायनिक खेती को छोड़कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान न केवल अपनी भूमि की उर्वरता को सुरक्षित रख रहे हैं, बल्कि समाज को स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य भी कर रहे हैं।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने खेतों की मेड़ों पर अधिक से अधिक पौधारोपण करें, जिससे भूमि संरक्षण, जल संवर्धन और पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारी पारंपरिक कृषि पद्धतियां, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधन हमारी अमूल्य धरोहर हैं। इन्हें संरक्षित रखते हुए जैविक खेती को जन आंदोलन का स्वरूप देना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण, सुरक्षित खाद्य सामग्री और समृद्ध कृषि व्यवस्था प्रदान की जा सके। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिपं उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जपं अध्यक्ष सुनीता भास्कर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

# मोदी के नेतृत्व में समृद्ध और सशक्त भारत का हो रहा निर्माण: सुधीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुधीर पाण्डेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनादेश के साथ निर्वाचित होकर लगातार 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से बधाई देते हुए कहा कि 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक

■ **12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक काल**

काल रहा है। प्रधानमंत्री खुद को प्रधानमंत्री नहीं, प्रधान सेवक कहते हैं। 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' को मूलमंत्र मानते हुए दिन और रात 140 करोड़ भारतवासियों की सेवा करते हैं। सोमवार को मोदी सरकार के शानदार 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित मीडिया कॉन्क्लेव को सम्बोधित कर रहे थे।

पाण्डेय ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं है और छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है। ऐसे नए भारत का निर्माण प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ है। 12 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास के लिए अद्भुत काम किए हैं। अगर गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले, जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं। कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इलाज के खर्च से गरीब को बचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं, जिससे मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से भी 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को एक मजबूत सुरक्षा कवच मिला है। उन्होंने कहा कि गरीबों के जीवन को आसान बनाने के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएँ से आजादी दी गई है। गाँवों के विकास के लिए जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से ज्यादा घरों तक नल से साफ पानी पहुँचाया जा चुका है, वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर देश में स्वच्छता की एक नई क्रांति लाई गई है। रेहड़ी-पटरी वाले भाई-बहनों के लिए पीएम स्वनिधि योजना से 74 लाख से ज्यादा लोगों को बिना किसी परेशानी के लोन मिला है। मुद्रा योजना के तहत छोटे काम-धंधों के लिए बिना गारंटी 57 करोड़ से ज्यादा लोन बांटे गए हैं, वहीं छोटे कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना से 30 लाख लोगों को फायदा पहुँचाया गया है। पाण्डेय ने कहा कि जनजातीय समाज के कल्याण के लिए 15 हजार करोड़ रुपए का बजट और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 79 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

# अपनी मांगों को लेकर पेंशनर, नियमित अनियमित, संविदा कर्मचारी हो रहे लामबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान महंगाई भत्ता व 86 महीने का लंबित एरियर्स और अन्य मांगों को लेकर संभाग स्तरीय प्रदर्शन का किया जाएगा।

इस आशय का निर्णय एक मांग एक मंच अभियान से जुड़े शासकीय विभिन्न कर्मचारी संगठनों और पेंशनर फोरम छग की संयुक्त बैठक में लिया गया। बैठक में बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व पेंशनर फोरम के प्रांतीय संयोजक चंद्रिका सिंह जगदलपुर, महेंद्र कुमार साहू दंतेवाड़ा, कोटेश्वर राव चापड़ी बीजापुर ने किया। इस अवसर पर चंद्रिका सिंह ने कहा के बिना आंदोलन के सरकार किसी भी मांग को पूरा नहीं करती वैसे भी एक वर्षो से केवल हम लोग मांग पत्र दे रहे हैं। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान राज्य के पांचो संभाग में एक दिन प्रदर्शन करने का प्रस्ताव पर बैठक में उपस्थित लगभग 25 कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सहमति दी।

एक मांग एक मंच अभियान के प्रांतीय संयोजक करन सिंह अटेरिया ने कहा कि प्रदेश के चार लाख कर्मचारी और डेढ़ लाख पैंशनरों का मंहगाई भत्ता एरियर्स भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि वित्त सचिव को सोलह हजार कर्मचारी अधिकारी एवं पेंशनरों की हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपी गई थी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**शपथ- पत्र**

(नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं अरूण कुमार पिता सुक्कू राम उम्र 47 वर्ष, जाति ठेठवार, निवासी ग्राम किहकाड़ पोस्ट तहसील कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.) एतद द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ :-

1. मैं ग्राम किहकाड़ पोस्ट तहसील कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्र श्रीलोक (SHRILOK) के नाम एवं जन्मतिथि 01/01/2011 को बदलकर उसका सही नाम उपनाम सहित त्रिलोक यदु (TRILOK YADU) एवं उसका सही जन्मतिथि 27/03/2012 अंकित करवाना चाहता हूँ। जो उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. मैं अपने पुत्र का नाम एवं जन्मतिथि बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. मेरी पत्नी श्रीमती गोमती यदु (पत्नी /पति का नाम) को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम एवं जन्मतिथि बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

अरूण
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता अरूण कुमार पिता सुक्कू राम सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सहीं है। आज दिनाँक 15/06/2026 को स्थान नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर / अंगठा निशान कर सत्यापित किया।

स्थान :- नारायणपुर
दिनाँक :- 15/06/2026
अरूण
सत्यापनकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./202605170700171/2025-26

**// उद्घोषणा-पत्र //**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपेश पिता जयसिंह जाति गोंड़ निवासी आदपाल तह. व जिला-नारायणपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उनके भाई रामलाल की मृत्यु दिनांक 17.01.2015 को नक्सलियों द्वारा हत्या करने से हुई है। उनका परिवार नक्सली पीड़ित होने से सरकार के पुर्नवास नीति के अंतर्गत मिलने वाली अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आश्रिता प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अतः आश्रिता प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। जिसकी सुनवाई तिथि 25/06/2026 को इस न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर
तहसीलदार
नारायणपुर

# सब जूनियर व जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में 130 से अधिक शटलर्स ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक किरण सिंह देव के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर संजय पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि खेलों के माध्यम से न सिर्फ शारीरिक फिटनेस बढ़ती है, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास भी होता है। श्री देव ने स्थानीय खेल परिसरों और कोचिंग सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया। बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा एवं सचिव राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सब जूनियर वर्ग में एवं जूनियर वर्ग में 130 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में चार मुख्य वर्गों में मुकाबले कराए गए थे, अंडर 11 गर्ल्स-ब्वायज सिंगल, अंडर 13 गर्ल्स-ब्वायज सिंगल, अंडर 17 वर्ग में सिंगल एवं डबल्स के मुकाबले खेले गए। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक, चुस्ती और रणनीति का परिचय दिया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में अनेक नए प्रतिभागियों के साथ-साथ अनुभवी युवा खिलाड़ियों ने भी भाग लिया, जिससे मुकाबले और भी रोमांचक बने। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिले के कई उभरते हुए जूनियर खिलाड़ी प्रतिभागी रहे जिन्होंने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में अतिथियों के हाथों विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान किए गए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी सुनील खेडूलकर, कैलाश चौहान, सुब्बाराव, हितेश तिवारी, शशांक शेंडे, सोनू पांडे सहित खेल प्रशिक्षक क्रिस क्रिस्टोफर, वैभव गोयल, राज, आकाश मटलानी आदि का विशेष योगदान रहा।

### विजेता खिलाड़ियों को विधायक किरण देव ने दी ट्रॉफी



#### विजेता-उपविजेता खिलाड़ी

प्रतियोगिता में अंडर-11 ब्वायज विजेता रियान कुरैन, उप विजेता चेरी, अंडर-11 गर्ल्स विजेता दिया कटमारेड्डी, उप विजेता स्वेच्छा नक्का, अंडर-13 ब्वायज विजेता शिखर टाह, उप विजेता जयंत, अंडर-13 गर्ल्स विजेता त्रिशिका शुक्ला, उप विजेता स्वेच्छा नक्का, अंडर-17 ब्वायज सिंगल्स विजेता शिखर टाह, उप विजेता आरव लाहोटी, अंडर-17 ब्वायज डबल्स विजेता आरव लाहोटी-इशान ठाकुर, उप विजेता यथार्थ देवांगन-शिखर टाह, अंडर-17 गर्ल्स विजेता साव्या गुप्ता, उप विजेता लुसिका पटेल, अंडर-17 गर्ल्स डबल्स विजेता साव्या गुप्ता-अनुती तेन्नेटी, उप विजेता शिरी-लुसिका पटेल रहे।

## खबर संक्षेप

### जमीनी स्तर पर संगठन को अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्ययोजनाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में रविवार को बस्तर सम्भाग के कोर ग्रुप की बैठक रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में बस्तर सम्भाग के सभी जिलों में पार्टी संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और अभियानों की सफलता के लिए कोर ग्रुप के सदस्यों के साथ विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कार्यकतार्ओं को सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को बस्तर के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने पर बल दिया। बस्तर सम्भाग का विकास और यहां संगठन की मजबूती पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। कोर ग्रुप के सभी सदस्यों से एकजुटता के साथ जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहने का आह्वान श्री देव ने किया। इस बैठक में वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, संभाग प्रभारी यशवंत जैन, सहप्रभारी हरपाल सिंह भामरा, जिला प्रभारी सतीश लाटिया, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, विधायक विनायक गोयल, डॉ. सुभाऊ कश्यप, शिवनारायण पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, महापौर संजय पाण्डेय, कमलचंद्र भंजदेव उपस्थित थे।

### जिलाध्यक्ष ने बताई प्रधानमंत्री के 12 साल की उपलब्धियां

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 12 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। इन 12 वर्षों में देश ने कई ऐतिहासिक और कड़े फैसले देखे हैं, जिन्होंने भारत को आंतरिक रूप से सुरक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है।



उन्होंने कहा कि धारा 370 की समाप्ति, भव्य राम मंदिर का निर्माण और देश की सुरक्षा नीति में आया युगांतरकारी बदलाव पीएम मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। जीएसटी, जनधन खाते और डीबीटी के माध्यम से भ्रष्टाचार पर सीधी चोट की गई है, जिससे सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहा है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार की केंद्रीय योजनाओं ने हमारे राज्य के पिछड़े क्षेत्रों में विकास की नई रोशनी पहुंचाई है। युवाओं के लिए स्टार्टअप इंडिया और मुद्रा योजना ने रोजगार के नए द्वार खोले हैं। नक्सलवाद का समूल नाश करने का बड़ा संकल्प सिद्ध किया है। नक्सल से मुक्त हुआ बस्तर अंचल अब विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

### वन मंत्री ने दी डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# आधुनिक चौपाटी, गुमटी और नए आंगनबाड़ी भवनों का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के नगरीय निकाय क्षेत्र के विकास और जन सुविधाओं को एक नया विस्तार मिला है, जहां वन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जिले के

- **धार्मिक नगरी दंतेवाड़ा का बनेगा भव्य मास्टर प्लान, कश्यप ने अधिकारियों को दिए सुनियोजित विकास के निर्देश**

प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने 1 करोड़ 49 लाख 11 हजार रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न जनहितकारी अधोसंरचनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में आधुनिक चौपाटी, गुमटी, आकांक्षी शौचालय और नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण शामिल है, जिससे स्थानीय व्यापार, स्वच्छता और महिला-बाल विकास को बड़ा संबल मिलेगा। उन्होंने दंतेवाड़ा के भविष्य को लेकर कई बड़ी घोषणाएं भी की हैं।

कश्यप ने कहा कि दंतेवाड़ा धार्मिक नगरी के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है और आने वाले समय में यहां श्रद्धालुओं व नागरिकों का दबाव और बढ़ेगा, जिसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने जिला को दंतेवाड़ा का एक सुव्यवस्थित मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में नगर और मंदिर परिसर का विकास सुनियोजित ढंग से हो सके। पर्यावरण संरक्षण को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए नगर के सीवरेज प्लांट का पानी सीधे नदी में जाने पर चिंता जताई और अधिकारियों को निर्देशित किया कि या तो इस प्लांट को किसी दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए या फिर वाटर ट्रीटमेंट के बाद ही पानी को नदी में छोड़ा जाए, जिसके साथ ही उन्होंने भैरम बाबा मंदिर के पास नदी तट पर हो रहे कटाव को रोकने के लिए जल संसाधन विभाग को तत्काल 'पिचिंग कार्य' का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

नगरपालिका अध्यक्ष के कार्यों की सराहना करते हुए मंत्री ने जनभावनाओं के अनुरूप मंच से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। जिसके तहत नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और रास्तों का नामकरण क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और महापुरुषों के नाम पर किया जाएगा ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जा सके।



**दंतेवाड़ा में बनेगा भव्य घड़ी चौक** वन मंत्री ने स्थानीय जनता की मांग को स्वीकार करते हुए शहर में एक घड़ी चौक का निर्माण कराने और बच्चों के मनोरंजन व खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए स्विमिंग पूल क्षेत्र में वाटर स्लाइडर की व्यवस्था करने की भी बड़ी घोषणा की। इस लोकार्पण और मंत्री के कड़े व सुधारात्मक निर्देशों से स्पष्ट है कि प्रशासन दंतेवाड़ा को न केवल बुनियादी रूप से मजबूत कर रहा है, बल्कि इसे एक आधुनिक और स्वच्छ धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, और कार्यक्रम के अंत में उन्होंने इस स्वागत के लिए जनता का आभार व्यक्त किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर विधायक चैतराम अटामी, राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, पार्षदगण सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, डीएफओ रामकृष्ण रांगानाथा वाय और अन्य अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# मलेरिया मुक्त बस्तर के लिए घर-घर जाकर होगी जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री द्वारा सेक्टर पर्यवेक्षकों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली गई।

- **बकावंड में सीएमएचओ ने ली सेक्टर बैठक**

जिसमें 15 जून से 14 जुलाई तक मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान मे घर-घर घूम कर आरडी कीट परिवार के प्रत्येक सदस्यों की जांच करने उपचार करने हेतु निर्देशित किया। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (पल्स पोलियो) 28 जून को पहले दिन बूथ में दूसरे एवं तीसरे दिवस घर-घर घूमकर शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने हेतु आदेशित किया। साथ ही 100 दिवसीय निक्षय निरामय के अन्तर्गत सभी हितग्राहियों की हेण्ड हेल्ड एक्स रे मशीन द्वारा जांच की आन लाइन इन्ट्री निक्षय पोर्टल ने करने हेतु निर्देशित किया।

सेक्टर की जनसंख्या का एक प्रतिशत एचपीव्ही टीकाकरण कर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को लाभान्वित करने हेतु आदेशित किया। इस अवसर पर बीपीएम संतोष सिंह, बीईटीओ पदमनीलाल, पर्यवेक्षक बकावंड दिनेश पराते, रोहित पांडे, रामनाथ कश्यप, केदार पाढ़ी, केके बघेल, अनिता मंडन, सौरभ गौड, नीलकुमारी श्रीवास्तव, दौलत कश्यप बैठक में उपस्थित हुए।

# एरियर भुगतान और शासकीय आवासों की मरम्मत सहित रखीं कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दामोदर सेठिया के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल एवं वन मंडल के समस्त स्टॉफ द्वारा बस्तर वन मण्डलाधिकारी को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन

- **बस्तर वन कर्मचारी संघ ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन**

सौंपा गया। ज्ञापन में उप वन क्षेत्रपाल, वनपाल एवं अर्दली संवर्ग के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की जानकारी, 2750, 3050 रुपए वेतनमान एरियर भुगतान, अर्दली एवं वनरक्षक कर्मचारियों के स्थायीकरण, जर्जर शासकीय आवासों एवं कार्यालय भवनों की मरम्मत, कर्मचारियों के लिए शौचालय, स्नानगृह एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की



उपलब्धता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। संघ ने कर्मचारियों के लंबित सेवा प्रकरणों, समयमान वेतनमान, वेतन निर्धारण, अवकाश स्वीकृति, पेंशन एवं सेवानिवृत्ति संबंधी देयकों के समयबद्ध निराकरण की भी मांग की है। ज्ञापन में यह भी मांग की कि वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार प्रत्येक तीन माह में परामर्शदात्री बैठक आयोजित की जाए, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। जिला अध्यक्ष श्री सेठिया ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी विषम परिस्थितियों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, इसलिए उनकी मूलभूत सुविधाओं एवं सेवा संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सकारात्मक एवं समयबद्ध कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

#### संघ ने दी चेतावनी

संघ ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो बस्तर वन कर्मचारी संघ कर्मचारियों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विभागीय प्रशासन की होगी।

### महापौर ने पत्रवार्ता में गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

# 12 वर्ष भारत के इतिहास का परिवर्तनकारी काल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर/भोपालपटनम

जगदलपुर के महापौर संजय पाण्डेय ने बीजापुर में पत्रवार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्षों को भारत के इतिहास का परिवर्तनकारी काल बताया। उन्होंने कहा कि देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। यह कालखंड केवल योजनाओं और घोषणाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला साबित हुआ है।

महापौर ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया था और आज लगातार तीसरी बार जनता का समर्थन यह साबित करता है कि देश विकास और सुशासन की राजनीति पर भरोसा करता है। सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे वित्तीय समावेशन को नई दिशा मिली। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए, जबकि उज्ज्वला योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा की गई। आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों के उपचार की चिंता से मुक्त किया है और लाखों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हुई हैं।

प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, उपाध्यक्ष सतेंद्र ठाकुर, महामंत्री फूलचंद गागड़ा, मीडिया प्रभारी प्रताप यादव, मंडल अध्यक्ष अशोक राव सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।




#### दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंची विकास की धारा

महापौर ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी योजनाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसानों के खातों में सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाने से खेती-किसानी को नई मजबूती मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे गांवों का स्वरूप बदल रहा है। देश में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों का तेजी से विस्तार, रेलवे का आधुनिकीकरण, वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, नए हवाई अड्डों का निर्माण तथा मेट्रो नेटवर्क का विस्तार भारत की प्रगति का प्रमाण है। आज देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की पहुंच सुनिश्चित हुई है, जिससे आर्थिका गतिविधियों को बढ़ावा मिला है।


